Azim Premji Foundation

अज़ीम प्रेमजी स्कॉलरशिप एक पहल है जिसका उद्देश्य ज़रूरतमंद छात्राओं को कॉलेज की शिक्षा प्राप्त करने में मदद करना है।

**स्कॉलरशिप**

- सालाना ₹30,000 जिसका उपयोग ट्यूशन फीस या शिक्षा-संबंधी किसी अन्य खर्च के लिए किया जा सकता है
- यह स्कॉलरशिप पहले स्नातक पाठ्यक्रम (डिग्री या डिप्लोमा) की संपूर्ण अवधि के लिए दी जाएगी।

**पात्रता**

- **कक्षा 10वी और कक्षा 12वी** दोनों की पढ़ाई किसी सरकारी स्कूल से नियमित छात्रा के रूप में पूरी की हो। यह स्कूल नीचे बताए गए राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में होना चाहिए।
- शैक्षणिक सत्र 2025-26 में किसी मान्यता प्राप्त स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अवधि: 2 से 5 वर्ष) के प्रथम वर्ष में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश लिया हो। यह प्रवेश भारत में किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के सरकारी या विश्वसनीय एवं प्रामाणिक निजी कॉलेज या विश्वविद्यालय में हो सकता है।

**राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेश**

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुदुचेरी, राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड

**आवेदन अवधि**

- **पहला चरण:** 10 सितंबर 2025 से 30 सितंबर 2025
- **दूसरा चरण:** 10 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026

आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। सभी आवेदन केवल हमारी वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकार किये जाएंगे।

**आवश्यक दस्तावेज**

**सभी आवेदिकाओं को नीचे दिए गए दस्तावेज़ों की साफ़ तौर पर पढ़ने योग्य, स्पष्ट और रंगीन स्कैन कॉपी अपलोड करनी होगी:**

1) पासपोर्ट साइज़ फोटो (साधारण पृष्ठभूमि, पिछले 6 महीने में खींची गई)
2) हस्ताक्षर
3) आधार कार्ड
4) बैंक खाता विवरण (निम्न में से कोई एक)
   - पासबुक, या
   - पिछले एक महीने का बैंक स्टेटमेंट
5) कक्षा 10 की मूल मार्कशीट
6) कक्षा 12 की मूल मार्कशीट
7) प्रवेश का प्रमाण (निम्न में से कोई एक)
   - बोनाफाइड प्रमाणपत्र, या
   - ट्यूशन फीस रसीद

नोट: सभी सॉफ़्ट कॉपी PDF/JPG/PNG फॉर्मेट में होनी चाहिए।
इन फ़ाइल्स का साइज़ 30KB से 500KB के बीच में होना चाहिए।